WHO क्षेत्रीय समिति की 72वीं बैठक

drishtiias.com/hindi/printpdf/72nd-meeting-of-who-regional-committee

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने नई दिल्ली में **दक्षिण-पूर्व एशिया के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय समिति की 72वीं बैठक (72nd Session of the WHO Regional Committee for South-East Asia)** का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन को दक्षिण-पूर्व एशिया के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय समिति की 72वीं बैठक का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।
- यह दूसरा मौका है जब भारत क्षेत्रीय समिति की बैठक का आयोजन कर रहा है।
- स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, सभी के लिये सार्वभौमिक स्वास्थ्य, रोगमुक्त भारत तथा स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता का वैश्विक मानक प्राप्त करना देश का लक्ष्य है।
- नागरिकों का बेहतर स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
- भारत के प्रधानमंत्री ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य के कवरेज के सभी घटकों को हासिल करने के उद्देश्य से नीतिगत पहलों को तेज़ी प्रदान की है ताकि सभी के लिये किफायती और समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके।
- लोगों को स्वस्थ खान-पान के प्रति संवेदी बनाने, कुपोषण की समस्या से निपटने, मोटापे की समस्या दूर करने तथा कुपोषण मुक्त भारत अभियान को तेज़ करने के लिये भारत सरकार द्वारा सितंबर महीने को 'पोषण माह' के रूप में मनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत के प्रयास

भारत महामारी के उस दौर से गुज़र रहा है जिसमें संक्रामक रोग से गैर-संक्रामक बीमारियाँ हो रही हैं और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापा जैसी खान-पान से संबंधित बीमारियाँ तेज़ी से बढ़ रही हैं। इन सभी बीमारियों को नियंत्रित करने के लिये भारत ने निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

- **‘खाद्य प्रणाली दृष्कोणि’:** भारतीय खाद्य सुरक्षा तथा मानक प्राधिकरण ने नागरिकों के सुरक्षित और स्वस्थ खान-पान को सुनिश्चित करने के लिये **‘खाद्य प्रणाली दृष्कोणि’** को अपनाया है।
    - इस दृष्टिकोण में नियामक और क्षमता सृजन उपायों को उपभोक्ता सशक्तीकरण उपायों से जोड़ा गया है।
- **‘सही खाओ भारत’:** इसके अंतर्गत जन आंदोलन के माध्यम से नागरिकों को संवेदी बनाया जा रहा है। इसकी टैग लाइन है– **सही भोजन बेहतर जीवन ।**
    - सही खान-पान से जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। अतः स्वास्थ्य नीति का महत्त्वपूर्ण स्तंभ रोकथाम एवं संवर्द्धनकारी स्वास्थ्य सेवा ही भारत का संकल्प है।
    - ‘ईट राइट’ अभियान के साथ उच्च रक्तचाप, मोटापा तथा मधुमेह जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से लड़ने में मदद मिलेगी।
- **‘ईट राइट, स्टे फिट तभी इंडिया सुपर फिट’: ‘ईट राइट, स्टे फिट तभी इंडिया सुपर फिट’ (Eat Right, Stay Fit, Tabhi India Super Fit)** अभियान विराट कोहली ने लॉन्च किया है।
- फिट इंडिया आंदोलन: प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर **फिट इंडिया आंदोलन** लॉन्च किया।
    - इसका उद्देश्य लोगों को शारीरिक गतिविधि और खेल-कूद को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिये प्रोत्साहित करना है।
- आयुष्मान भारत योजना: यह लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के अंतर्गत सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लिये लाई गई एक योजना है।
- मिशन इंद्रधनुष: इसके तहत अभियान में तेजी लाकर 90 प्रतिशत लोगों के लिये टीकाकरण कवरेज योजना बनाई गई है।

स्रोत: PIB